हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
NEWS
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–162 : जौनपुर, बुधवार 17 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अब एक ही शीशी खरीद सकेंगे खांसी की दवा : दवाओं की बिक्री सीमा भी तय

लखनऊ ब्यूरो : दवा का नशे के रूप में इस्तेमाल को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने ऐसी कई दवाओं के भंडारण, खरीदी व बिक्री की अधिकतम सीमा तय कर दी है। खांसी दूर करने के लिए कोडीन से बने कफ सिरप की एक दिन में एक ही शीशी खरीदी जा सकेगी। वहीं, अनिद्रा व डिप्रेशन की दवाओं के भी भंडारण की क्षमता तय की गई है। विभाग ने निर्देशों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण अधिकारी एके जैन के अनुसार कुछ औषधि विक्रेता नशे के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं का ज्यादा भंडारण करने के साथ अवैध बिक्री कर रहे हैं। जबकि मरीजों के लिए वास्तविक खपत काफी कम है। ऐसी दवाओं का इस्तेमाल कम उम्र के बच्चे भी करते हैं, जिससे उनके मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए ये प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार कोडीन खांसी से राहत देने वाली दवाओं में पाया जाने वाला घटक है। इसे हल्के नारकोटिक के तौर पर भी जाना जाता है। इसे अकेले या अन्य दवाओं के साथ मिलाकर दिया जाता है। शरीर में पहुंचने पर लिवर एक एंजाइम की मदद से इसे मार्फीन में बदल देता है, इसलिए डॉक्टर की सलाह पर ही इसे तय मात्रा में लेना चाहिए। कई लोग इसका प्रयोग नशे में कर रहे हैं। अब



थोक विक्रेता 50, 100 एमएल या किसी अन्य मात्रा की एक दिन में 100 से अधिक शीशी सिरप नहीं बेच सकेंगे। वहीं, फुटकर विक्रेता एक व्यक्ति को एक से अधिक शीशी नहीं बेच सकेंगे। ये प्रतिबंध भी – फुटकर विक्रेता दर्द व बुखार की दवाओं में इस्तेमाल की जाने वाली ट्रामाडोल के दो हजार कैप्सूल ही रख सकेगा। डॉक्टरी पर्चे पर ही दवा देगा। वहीं, थोक विक्रेता प्रतिदिन 200 कैप्सूल ही किसी फर्म को बेच सकेगा। – डिप्रेशन, अनिद्रा व मानसिक रोगों से ग्रस्त रोगियों को दी जाने वाली अल्प्राजोलम व क्लोनाजेपाम के 20–20 कैप्सूल व डायजापाम, नाइट्राजेपाम, पेंटाजोसिन व बुप्रेनॉरफिन के प्रयोग से बनी दवाओं के 10–10 कैप्सूल ही प्रतिदिन बेचे जा सकेंगे। – फुटकर विक्रेता अल्प्राजोलम के एक हजार, क्लोनाजेपाम के दो हजार, डायजापाम व नाइट्राजेपाम के दो–दो सौ और पेंटाजोसिन व बुप्रेनॉरफिन के 50–50 कैप्सूल के ही भंडारण की अनुमति होगी। – हालांकि उक्त आदेश सरकारी संस्थानों, कैंसर अस्पताल व मानसिक अस्पताल पर लागू नहीं होंगे। यदि कोई औषधि विक्रेता तय मात्रा से ज्यादा भंडारण व बिलिंग करना चाहता है तो उसे बीते दो वर्ष का खरीद, बिक्री का लेखा जोखा औचित्य बताने के साथ देना होगा।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

हरदोई ब्यूरो अम्रीष कुमार सक्सेना : गंगा नगर कॉलोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय शेषनारायण मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया। जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को याद करते हुए कहा शेषनारायण जी एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ ही बेहद नम्र स्वभाव के व्यक्ति थे उनकी सादगी उनकी पहचान थी। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से एमएलसी अशोक अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण शास्त्री राम बहादुर सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री कर्मवीर सिंह चौहान एसपी मौर्य प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह विनोद राठौर जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ओम वर्मा अनुराग मिश्र सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे मीना वर्मा नीतू चंद्रा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह भाजपा नेता राजा बक्स सिंह पारुल दीक्षित सत्यम शुक्ला अभिषेक सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह आईटी प्रमुख सौरभ सिंह गौर सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न मिश्रा नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय एवं नगर पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## ललही छठ पूजा से प्राप्त होती है संताने : धूमधाम से मनाया गया ललही छठ का पर्व

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदुओं की आस्था का प्रतीक पर ललही छठ पूरे पूर्वांचल में धूमधाम से मनाया जाता है। ललही छठ का पर्व सावन माह बीतने के उपरांत मनाया जाता है। इस पर्व पर माता अपने पुत्र पति व अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रहती हैं। ललही छठ का पर्व पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को जौनपुर में भी महिलाओं द्वारा एक जगह एकत्रित होकर ललही माता की प्रतीकात्मक मूर्ति बनाकर उनकी पूजा अर्चना किया वैसे तो इस पूजा की मान्यता नदी किनारे जाकर करने की है लेकिन समय के अनुसार लोग अपने घरों में आसपास तालाब आदि मंदिरों पर जाकर इस पर्व को मनाते हैं। ऐसी मान्यता है कि जिन महिलाओं के बेटे हैं वही यह व्रत करती हैं।इस पूजा को करने से जिन माताओं बहनों के पुत्र नहीं है कोई संतान नहीं है उन्हें इस पूजा का फल प्राप्त होता है उन्हें संतान की प्राप्ति भी होती है । नगर के रूहट्टा मोहल्ले में विधि–विधान पूर्वक ललही छठ माता की पूजा की गई। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही सुबह से ही पूजा करने के लिए महिलाएं अरघा के पास एकत्रित हो गई। इस पूजा में खासतौर से जहां एक तरफ अक्सर पूजा में गाय माता की तमाम चीजें चढ़ाई जाती हैं वहीं इस पूजा में सिर्फ भैंस के दूध दही गोबर घी का प्रयोग किया जाता है व्रती महिलाएं टिन्नी का चावल महुआ व करेमुआ का साग खाकर व्रत का पारण करती



हैं। इस पौराणिक कथा के बारे में बताते हुए पूजा संपन्न कराने वाली शशि कला श्रीवास्तव ने बताया कि आज के दिन महत्वपूर्ण पूजा की जाती है औरतें अपने पुत्रों पति की लंबी आयु आरोग्यता व परिवार के सुख संपदा के लिए व्रत करती हैं। इस दिन महिलाएं कहीं खेत में नहीं जा सकती हैं। इस पूजा में प्रसाद के रूप में टिन्नी का चावल महुआ दूध जी दही का खास प्रयोग किया जाता है अरे पर कुश के पौधे को लगाकर उस में गांठ बांधकर मन्नते मांगी जाती हैं। जहां तक भैंस के सामानों का इस पूजन में इस्तेमाल किया जाता है उसके बारे में मान्यता है कि प्राचीन काम मे एक बड़े राजा थे जिनकी कोई संतान नहीं थी और वह काफी दुखी था। एक दिन उसकी एक भैंस तालाब किनारे स्नान कर रही थी जहां ललही छठ माता की पूजा की जा रही थी ।नहाते समय उसने सुनना की इसका चावल ग्रहण करने से लोगों को संतान उत्पन्न होती है भैंस ने ढेर सारा चावल अपने कान में भरकर राजा को लाकर कर दिया और बताया कि इसको खाने से रानी गर्भवती होंगी जिससे कि आपकी आगे कुल चल सकेगा जिसके परिणाम स्वरूप रानी को संतान प्राप्त हुई ।इसलिए इस पूजा में भैंस के सामानों का ज्यादा प्रयोग किया जाता है।

## स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवार को व्यापार मण्डल ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम 75वां आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत करते हुये शहीद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के लोगों का सम्मान किया गया। नगर पालिका के टाउन हाल के मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद परिवार को अंगवस्त्रम देते हुये माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने व्यापार मण्डल के इस कार्य की सराहना करते हुये कहा कि निःसंदेह व्यापारियों के दुख–सुख का ध्यान रखते हुये देश की सुरक्षा में बलिदान शहीद के परिवार का सम्मान करके व्यापार मण्डल ने बहुत अच्छा कार्य किया है। इससे व्यापारी वर्ग के साथ पूरे प्रदेश में एक अच्छा संदेश जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने किया। शहीद और स्वतंत्रता परिवार के सदस्यों के साथ अतिथियों का स्वागत भाषण नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने किया। स्वतंत्रता परिवार से कुंज बिहारी सिंह के पोते रजनीश सिंह, पन्ना लाल सेठ के पोते शिव कुमार वर्मा, रामेश्वर प्रसाद की पुत्रवधु विमला सिंह, राधेश्याम जी के परिवार से मीना रानी और हरीश चन्द्र वर्मा के परिवार से योगेन्द्र कृष्ण वर्मा के अलावा देश की रक्षा करते हुये अपने बलिदान देने वाले शहीद परिवार से शहीद आशुतोष यादव के माता शीला देवी, शहीद राजेश सिंह के पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, शहीद जावेद खान एवं शहीद आसिफ खान के भाई अशफाक खान, शहीद जिलाजीत यादव की माता श्रीमती उर्मिला देवी और शहीद संजय सिंह के पिता श्याम नारायण सिंह को सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त जनपद के प्रमुख गायक पंकज सिन्हा, रविन्द्र सिंह ज्योति, अवनीन्द्र तिवारी, गुलाब राही, राजेन्द्र सिंह, शैली गगन ने महोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम में देशभक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। सभी गायक को व्यापार मण्डल ने अंगवस्त्रम, तिरंगा पगड़ी, स्मृति चिन्ह देते हुये माल्यार्पण करके सम्मानित किया। देशभक्ति झांकी टीडीएमसी स्कूल के बच्चों की ग्रुप ने किया जिसमें डांस टीचर नितिन गुप्ता का विशेष



सहयोग रहा। बच्चों को भी व्यापार मंडल ने सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष दिनेश टण्डन ने कहा कि हमें गुलाम से आजाद कराने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को हमेशा नमन करना चाहिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक/नगर उपाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, नगर महामंत्री अनिल साहू, मुन्ना लाल अग्रहरि, जिला महामंत्री रामकुमार साहू, प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, विमल भोजवाल, अमर जौहरी, अनिल वर्मा, राकेश जायसवाल, यशवंत साहू, हफीज शाह, सतीश अग्रहरि, संजय जाड़वानी, नीरज शाह, संतोष साहू, डीके अग्रहरि, मोनू सेठ, विजय अग्रहरी, रमेश जायसवाल, विकास अग्रहरि, विकास जायसवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में राजदेव यादव, अशोक बैंकर, श्रीकांत माहेश्वरी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, अनिल जायसवाल, अशोक साहू, अशर्फी जायसवाल, शशांक सिंह, डा. वीएस उपाध्याय, सोनी जायसवाल, उर्वशी सिंह, मंजू जायसवाल, रंजना श्रीवास्तव, संदीप वर्मा, आलोक सेठ, डा. एनके सिन्हा, मनोज गुप्ता, डा. एमएम वर्मा, दिलीप सिंह, अश्वनी जायसवाल, विनोद अग्रहरि, मधुसूदन बैंकर, रविन्द्र अग्रहरि, गप्पू मौर्या, अनिल मद्धेशिया, लोकेश साहू, शिव कुमार, नीरज श्रीवास्तव, धीरज साहू, ध्रुव जायसवाल, मोहम्मद मुस्तफा, रविकांत जायसवाल, अमितेश गुप्ता, बनवारी लाल साहू, शैलेश गुप्त, ज्ञानेन्द्र साहू, आशीष कुमार, संजय सिंघानिया, किशन हरलालका, विपिन अग्रवाल, मेराज अहमद, मोहम्मद अली, राजीव श्रीवास्तव के साथ हजारों की संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. संदीप पाण्डेय व सृष्टि केसरवानी ने संयुक्त रूप से किया। अन्त में राकेश जायसवाल ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा 75 अध्यापकों और 75 विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग जनपद के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। उन्होंने हर–घर तिरंगा कार्यक्रम में सहयोग करने पर सभी का आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के कुशल नेतृत्व में सकारात्मक ऊर्जा एवं अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम सफल हो हुआ। उन्होने सभी शिक्षकों से कहा कि इसी प्रकार मेहनत एवं लगन से कार्य करते रहे तो हमारा प्रत्येक छात्र निपुण होगा और हम मा0 मुख्यमंत्री जी के सपनों को साकार कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उन्हें निखारने की आवश्यकता है। सभी शिक्षकों से प्रण लेने को कहा कि आज के बाद अपने विद्यालय के छात्रों का स्तर उठाने का प्रयास करेंगे।



मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने संबोधित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक बधाई के पात्र हैं, उन्होंने विद्यालयों के कायाकल्प में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बीएसए ऐसे शिक्षकों को आगे ले आए जो कायाकल्प में एवं शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि अगली बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे छात्रों को प्रेरणा मिल सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कंपोजिट विद्यालय इब्राहिमाबाद सिकरारा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरैनी, प्राथमिक विद्यालय रन्नो, प्राथमिक विद्यालय चकताली, प्राथमिक विद्यालय कुल्हनामऊ, ताहिरपुर, बथुआर, तरसावां, भरतपुर, पुलिस लाइन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी सिकरारा शैलेश कुमार चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त एसआरजी व एआरपी उपस्थित रहे।

## भारतीय झंडा संहिता जागरूकता अभियान को लेकर जिलाधिकारी जौनपुर की जनता से अपील

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपदवासियों से अपील किया है कि भारत का राष्ट्रीय झंडा हम सभी भारत वासियों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है, यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रीय झंडे के लिए हम सभी के मन में प्रेम, आदर और निष्ठा है। हम सब आजादी के 76वें वर्ष को ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के रूप में मना रहे हैं, जिसके तहत हर घर तिरंगा फहराने की मुहिम उत्साह के साथ चलाई जा रही है। हम सभी का राष्ट्रीय, सामाजिक और नैतिक कर्तव्य बनता है कि इतने बड़े पैमाने पर झंडा फहराए जाने के बाद अगर हमें कहीं भी तिरंगा झंडा कटा–फटा, गंदा, जमीन पर पड़ाध्पेड़ परधबिल्डिंग पर अटका हुआ मिले तो उसे अनदेखा न करते हुए, भरतीय झंडा संहिता में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही पूरी तरह एकान्त में और अधिमान्यतः जलाकर या ऐसा कोई तरीका अपनाकर पूर्णतया नष्ट कर दिया जाए, जिससे उसकी गरिमा बनी रहे। देश की आन–बान–शान इस राष्ट्रीय झंडे का सम्मान अति उत्साह के क्षणों में भी बनाये रखना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## फ्रेंड ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा इवेंट के बैनर तले मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फ्रेंड ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा इवेंट के बैनर तले मनाया गया एक शाम आजाद भारत के नाम मे देश के विभिन्न प्रांतों के कलाकारों की प्रस्तुतियां हुई कार्यक्रम दो चरणों में हुआ शाम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ जिस के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह विशिष्ट अतिथि विधायक विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंसू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद माया टंडन पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन विवेक मौर्य ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।तत्पश्चात अटल बिहारी वाजपेई जी के स्मृति चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। द्वितीय चक्र में देशभक्ति सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि एडीएम रामप्रकाश डॉक्टर अंकिता राज ने मुंबई ,दिल्ली, राजस्थान ,आसाम, लखनऊ, प्रयागराज, आजमगढ़ के कलाकारों की प्रस्तुतियां देखते हुए उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में शायर अफजल इलाहाबादी ,रमिस जौनपुरी ने देशभक्ति शेर शायरी से लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया वही रविंद्र सिंह ज्योति ने एक शाम आजाद भारत के नाम टाइटल सॉन्ग प्रस्तुत किया कलाकारों की श्रेणी में आशीष माली पारुल नंदा ने देश भक्ति प्रस्तुति की, नगर पालिका परिषद की ओर से अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में जन जागरूकता हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा का भी कार्यक्रम हुआ अतिथियों का आभार दीपक सिंह मांटो ने किया संचालन आयोजक सलमान शेख जाह्नवी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर इंद्रभान सिंह इंदु, शकील अहमद ,डॉक्टर एसके सिंह ,राकेश श्रीवास्तव, डॉ अजीत कपूर ,सूरज सेठ ,मधुकर तिवारी ,अमित गुप्ता, डॉक्टर संदीप पांडे, डॉ मनोज वत्स, राहिल शेख, सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, नीरज सिंह, भूपेंद्र सिंह मुन्ना ओझा, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया,दीपक श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह ,मसूद अहमद ,दीपक सिंह,अजय सिंह, उर्वशी सिंह ,चारू शर्मा ,सैयद मोहम्मद मुस्तफा ,डीके जयसवाल ,विवेक सिंह ,अनुराग तिवारी, बबलू दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## राधेश्याम गुप्त संस्थापक श्री माँ शारदा शक्तिपीठ जौनपुर की बड़े भव्य रूप से मनायी गयी पुण्यतिथि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परम् श्रद्धेय पूर्वांचल वंदनीय बाबू राधेश्याम गुप्त (जायसवाल ) संस्थापक श्री माँ शारदा शक्तिपीठ (मैहर मंदिर) जौनपुर की पुण्यतिथि बड़े भव्य रूप से मनाया गया। रोडवेज स्थित तिराहा का नव–निर्माण एवं नामकरण माँ शारदा तिराहा, राधेश्याम गुप्त



फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री माँ शारदा शक्तिपीठ मैहर मंदिर जौनपुर ने कराया। पुण्यतिथि के अवसर पर नव–निर्मित तिराहे का लोकार्पण माननीय जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा जी के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी , भू–राजस्व श्री रजनीश राय, उप जिलाधिकारी सुश्री ज्योति सिंह, डा. पी.सी. विश्वकर्मा जी लोकार्पण में उपस्थित रहे। मंदिर के वरिष्ठ ट्रस्टी– सत्य प्रकाश गुप्त (एडवोकेट,हाईकोर्ट मुम्बई) एवं ट्रस्टी/प्रबंधक– आशुतोष जायसवाल ने अतिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। पुण्यतिथि पर एक विशाल भण्डारे आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में आम जन–मानस ने प्रसाद ग्रहण किया। सम्मानित जनों में सामाजिक और धार्मिक समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। रोहित जायसवाल, विजय जायसवाल, अजय जायसवाल, संजय जायसवाल, राजीव जायसवाल, रमाकान्त जायसवाल (कवि), सुशील जायसवाल, नितिन जायसवाल, विनीत जायसवाल, रोहित जायसवाल इत्यादि परिवार के सदस्यों की भागीदारी रही। ट्रस्टी–रविकान्त जायसवाल (कलाविद) ने सभी आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
विश्वास वह पंक्षी है जो प्रभात के पहले ही प्रकाश देखना शुरु कर देता है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## भारतीय कार्यबल में महिलाएं : संरचनात्मक बदलाव से चूक रहीं महिलाएं

महिलाओं की कम आवाजाही उन्हें निर्माण एवं कम–कुशल सेवाओं जैसे गैर–कृषि क्षेत्रों में रोजगार पाने में बाधा उत्पन्न करती है, क्योंकि ये नौकरियां गांव से काफी दूर होती हैं। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी–एरिड ट्रॉपिक्स सर्वेक्षण के रोजगार डाटा से पता चलता है कि 32 प्रतिशत पुरुष गांव से बाहर काम करते हैं, लेकिन केवल पांच प्रतिशत महिलाएं ही ऐसा करती हैं।

पिछले तीन दशकों में भारत में तीव्र आर्थिक विकास, प्रजनन दर में गिरावट और महिलाओं की शिक्षा में वृद्धि के बावजूद महिला कार्यबल भागीदारी दर (कामकाजी महिलाओं का अनुपात) देश में अब भी कम बनी हुई है। वास्तव में, 1987 के बाद से इसमें तेज और लगातार गिरावट देखी गई है। भारत के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में 25 से 60 वर्ष की उम्र की महिलाओं और पुरुषों की कार्यबल में भागीदारी को देखें, तो दोनों के बीच अंतर स्पष्ट है। ग्रामीण और शहरी, दोनों इलाकों में पुरुषों की कार्यबल में भागीदारी दर महिलाओं की तुलना में काफी ज्यादा है।

इस आयु वर्ग में पुरुष रोजगार दर ग्रामीण क्षेत्रों में 96 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 94 प्रतिशत और शहरी भारत में 94 प्रतिशत से 91 प्रतिशत हो गई है। शहरी भारत में महिला कार्यबल भागीदारी भी 26 फीसदी से घटकर 24 फीसदी हो गई है। हालांकि, महिला रोजगार दर में सबसे बड़ी गिरावट ग्रामीण भारत में आई है, जहां महिला कार्यबल भागीदारी 1987 के 54 प्रतिशत से गिरकर 2017 में 31 प्रतिशत हो गई। मौजूदा शोध से पता चलता है कि 25–60 आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाओं के समूह में भी गिरावट मुख्य रूप से उन लोगों में हुई है, जो अभी विवाहित हैं (सभी महिलाओं का लगभग 90 प्रतिशत)।

जनसांख्यिकीय विशेषताओं में बदलाव (घर में विवाहित महिलाओं और पुरुषों की शिक्षा योग्यता में वृद्धि) और बढ़ती घरेलू आय जैसे कारक 1987 से 1999 के दौरान महिला कार्यबल भागीदारी में संपूर्ण गिरावट की व्याख्या करते हैं। महिला शिक्षा और महिला रोजगार के बीच यू–आकार का संबंध और परिवार के पुरुष सदस्यों की शिक्षा या आय और महिला रोजगार के बीच एक नकारात्मक संबंध इस गिरावट को प्रेरित करता है। कृषि क्षेत्र में महिला कार्यबल भागीदारी 1987 के 46 प्रतिशत से गिरकर 2011 में 33 प्रतिशत हो गई और 2017 में और कम होकर 23 प्रतिशत हो गई।

मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में भी महिला कार्यबल की भागीदारी 3.5 फीसदी से घटकर 2.5 फीसदी हो गई। निर्माण एवं सेवा क्षेत्र अपवाद है, जहां इसमें एक से 1.5 फीसदी की वृद्धि हुई। पुरुष कार्यबल भागीदारी भी कृषि में 1987 के 77 प्रतिशत से गिरकर 2011 में 64 प्रतिशत हो गई, जो दर्शाता है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी कम है। भारतीय कृषि कार्यों में श्रम का लैंगिक विभाजन है। महिला श्रम का उन कार्यों (जुताई) में उपयोग किए जाने की संभावना कम होती है, जिनमें शारीरिक शक्ति की आवश्यकता होती है और उन कार्यों में उपयोग की अधिक संभावना होती है, जिनमें सटीकता (बुवाई, रोपाई और निराई) की आवश्यकता होती है।

इसके परिणामस्वरूप कृषि में पुरुषों और महिलाओं के बीच सीमित प्रतिस्थापन क्षमता होती है। जब पुरुष और महिला श्रम अपूर्ण विकल्प होते हैं, तो तकनीकी परिवर्तन के असमान लैंगिक प्रभाव हो सकते हैं, जैसे कि वर्ष 1999–2011 में कृषि मशीनीकरण, मुख्य रूप से जुताई में तीन गुना वृद्धि हुई। मशीनीकृत जुताई में दस फीसदी वृद्धि के कारण महिलाओं के कृषि श्रम उपयोग में पांच प्रतिशत की गिरावट आई, उनके गैर–कृषि रोजगार में कोई वृद्धि नहीं हुई।

कृषि में महिला श्रम की गिरावट के साथ कार्यबल में समग्र और क्षेत्रवार रुझान भारत के लिए चिंताजनक भविष्य का संकेत करते हैं कि महिलाएं संरचनात्मक बदलाव से चूक रही हैं। कृषि कार्यों से बाहर निकलने वाले पुरुषों को अन्य क्षेत्रों (खासकर निर्माण एवं सेवा) में नौकरी मिली है, लेकिन महिलाओं को नहीं। नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़ों से पता चलता है कि घर के पास रोजगार तक पहुंच की कमी महिलाओं को कृषि के बाहर वैतनिक रोजगार पाने की महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक है।

महिलाओं की कम आवाजाही उन्हें निर्माण एवं कम–कुशल सेवाओं जैसे गैर–कृषि क्षेत्रों में रोजगार पाने में बाधा उत्पन्न करती है, क्योंकि ये नौकरियां गांव से काफी दूर होती हैं। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी–एरिड ट्रॉपिक्स सर्वेक्षण के रोजगार डाटा से पता चलता है कि 32 प्रतिशत पुरुष गांव से बाहर काम करते हैं, लेकिन केवल पांच प्रतिशत महिलाएं ही ऐसा करती हैं। साथ ही स्नातक से कम शिक्षा उच्च कुशल सेवा क्षेत्र की नौकरियों तक उनकी पहुंच को प्रतिबंधित करती है।

हालांकि शहरी भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में मामूली गिरावट आई है, लेकिन श्रम बाजार में शहरी महिलाओं की समग्र भागीदारी 24 प्रतिशत है, जबकि पुरुषों की भागीदारी 90 प्रतिशत है। अनुसंधान से पता चलता है कि आपूर्ति और मांग के कारण ऐसा है। श्रम बाजार में शहरी महिलाओं की कम भागीदारी को प्रमाणित करने वाले कुछ कारकों में घरेलू काम के लैंगिक विभाजन के आसपास के सामाजिक मानदंड शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में कार्यरत महिलाओं को विवाह बाजार में दंड का सामना करना पड़ता है।

हाल के शोध से पता चलता है कि नियोजित महिलाओं को भारत में योग्य विवाह प्रस्ताव मिलने की संभावना 14–20 प्रतिशत कम है। इस तरह का दंड विशेष रूप से उत्तरी भारत की उच्च जातियों में प्रचलित है, जहां लैंगिक मानदंड अधिक पितृसत्तात्मक हैं। करीब 1.5 अरब की आबादी वाला देश अपनी आर्थिक और सामाजिक क्षमता को पूरी तरह से कैसे प्राप्त कर सकता है, अगर इसकी 40 प्रतिशत कामकाजी आबादी उत्पादक नौकरियों में संलग्न नहीं है? महिलाओं की सीमित गतिशीलता उनकी घरेलू जिम्मेदारियों के कारण हो सकती है, क्योंकि एक महिला प्रतिदिन कम से कम सात घंटे घरेलू जिम्मेदारियों में लगाती है, जबकि पुरुष उन कार्यों पर मात्र 30 मिनट खर्च करते हैं।

सामाजिक मानदंडों में बदलाव धीमी गति से होता है, लेकिन महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सुलभ परिवहन प्रदान करना श्रम बाजार में उन्हें प्रवेश करने के लिए प्रेरित कर सकता है। भारत में महिला रोजगार में सुधार का एक अन्य तरीका उन्हें ऐसा हुनर प्रदान करना हो सकता है, जो श्रम बाजार की मांग के अनुरूप हों। भारत में महिला रोजगार दर में कमी और गिरावट न केवल घर के भीतर महिलाओं की क्षमता को कम करती है, बल्कि देश की आय और सामाजिक विकास के लिए भी हानिकारक है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) आजादी का अमृत महोत्सवध्स्वतंत्रता दिवस को मण्डल एवं जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मालूम हो कि आजादी का अमृत महोत्सव सम्बंधी कार्यक्रम विगत एक सप्ताह से मनाया जा रहा है। आजादी के हम लोग 75 वर्ष पूर्ण कर लिये है तथा 76वें वर्ष में प्रवेश कर रहे है। स्वतंत्रता दिवस सम्बंधी मुख्य कार्यक्रम सभी सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया तथा ध्वज की सलामी ली गयी। मण्डल स्तर का कार्यक्रम मण्डलायुक्त कार्यालय में आयोजित किया गया वहां पर मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने ध्वजारोहण किया एवं ध्वज की सलामी ली। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह हमारी आजादी, त्याग, बलिदान, संघर्षो आदि से मिली है इसको हम बनाये रखने के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य करें तथा अपना देश जो आजादी का 75वर्ष पूर्ण कर लिया है इसके 100वें वर्ष के लिए तैयार है। हमारे आस पड़ोस के देश 1947 के आसपास ही स्वतंत्रत हुये पर उनकी अपनी समस्यायें है पर हमारा राष्ट्रीय एकता उच्चतम बिन्दु पर पहुंच रहा है। हमारी बात सभी जगह विश्व मंचों पर सुनी जाती है तथा आगामी वर्षो में विश्व के तीन देशों में से एक रहेंगे यह तभी संभव है जब हम सभी लोग अपनी क्षमता से मिल जुलकर बेहतर कार्य करें। आजादी के योगदान में आयुक्त द्वारा विशेष रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेता जी सुभाषचन्द्र बोस आदि के त्याग की चर्चा करते हुये कहा कि किसी भी समाज एवं राष्ट्र का निर्माण त्याग एवं कड़ी मेहनत से ही किया जा सकता है। हमें इसके लिए नित्य अपनी क्षमता से जो कार्य हमें दिया गया है उसे पूर्ण करें। मण्डलायुक्त ने सभी को बधाई दी तथा राष्ट्र में विकास के अनेको चर्चाओं का जिक्र किया। जिसमें हरित क्रांति, श्वेत क्रांति तथा तकनीकी क्षेत्रों में भारत का विकास एवं कोरोना काल में अपने देश के नागरिकों के साथ साथ विश्व के अनेको देशों में कोरोना टीकों के साथ मदद करना प्रमुख बिन्दु था। इस मौके पर मण्डलायुक्त ने अपने हाथ से कर्मचारियों को लड्डू भी वितरित किया तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नमन के बाद मण्डल के जनपदों से सम्बंधित मण्डल स्तर पर आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में एक पुस्तिका छपवाने के लिए कार्य करने हेतु मण्डल के अधिकारियों एवं उपसूचना निदेशक को समयबद्ध कार्यवाही के लिए कहा। इस कार्यक्रम में अपर आयुक्त प्रशासन सुनील कुमार शुक्ला, अपर आयुक्त न्यायिक आर0पी0 पांडेय, संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन, उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या श्री आर0एस0 पांडेय, आकाशवाणी सरस्वती पाठक, विशेष कार्याधिकारी अभिनाश पांडेय, विशेष सहायक सच्चिदानन्द, पवन कुमार सहित आयुक्त कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।इसी प्रकार से जिला जल जिला न्यायालय में पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदि वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने–अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण कर ध्वज की सलामी ली गयी।जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर व कलेक्ट्रट में किया ध्वजारोहण। तदोपरांत जिलाधिकारी ने भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर सहित विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्षा महोदया ने शहीद उद्यान पार्क में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया।इसके उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ आजादी में सर्वोत्तम बलिदान देने वाले वीर अमर सपूतों को याद करने व उनके सपनों एवं आदर्शो को आगे ले जाने का है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे इस देश का भविष्य है उन्हें हमारे शिक्षक आन्तरिक बोद्य भाव व अर्न्तमन से पढ़ायें, उन्हें सपने देखने और अपने सपनों को पूरा करने के योग्य बनायें यही हमारा और सभी शिक्षकों कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भविष्य की पीढ़ी के निर्माता है और किसान वर्तमान के निर्माता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों की प्रतिभावों को पंख लगाये, उनके पंखों को उड़ान दे यही शिक्षक का कर्तव्य है। शिक्षक देश के नीव के पत्थर है। उन्होंने सभी से शिक्षकों का सम्मान करने की भी अपील की तथा शिक्षको को बच्चों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपील की।उन्होंने बच्चों एवं नागरिकों में सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने कहा कि आधुनिक जगत के स्वतंत्रता सेनानी हमारे बच्चें, किसान व नागरिक है। आजादी को बनाये रखना, लोकतंत्र को मजबूत करना, अपने–अपने कर्तव्यों का पूर्ण निर्वहन करना एवं सभी की सहभागिता के साथ सभी को समान अवसर प्रदान करते हुये सकारात्मक ऊर्जा के साथ देश को आगे ले जाना ही स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्वांजलि होगी।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 75 प्रगतिशील कृषकों को अंग वस्त्र, सहजन के पौधे व पुरस्कार देकर सम्मानित किया साथ ही जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत किये गये अद्भुत एवं दर्शनीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुये समस्त प्रतिभागी बच्चों व उनके शिक्षकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।तदोपरांत जिलाधिकारी ने अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के सहादत स्थल पर पहुंचकर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्वासुमन अर्पित किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रभागीय वनाधिकारी के संयोजन में हरिशंकरी वाटिका का रोपण किया गया तथा वहां पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित यिका गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम सिटी, एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम कानून व्यवस्था, सिटी मजिस्ट्रेट, मुख्य राजस्व अधिकारी, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट सहित कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे, वहीं स्थानीय जेल के मुख्य द्वार पर स्थापित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां वारसी (जन्म 22 अक्टूबर 1900 तथा बलिदान दिनांक 19 दिसम्बर 1927) के प्रतिमा पर जिलाधिकारी नितीश कुमार के नेतृत्व में जेल प्रशासन द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा उनके बलिदान के विषय तथा उनके द्वारा तत्कालीन समय में अपने वकील एवं अपने अन्य परिवार आदि के सदस्यों के लिए शहीद अशफाक उल्ला साहब द्वारा लिखे गये पत्रों की चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी ने कहा कि इसको आम जनमानस के लिए इस शहीद स्थल को देखने के लिए विचार किया जा रहा है उस पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा तथा प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि हमारी नयी पीढ़ी अपने देश के आजादी के महापुरूषों को जाने एवं प्रेरणा लें कि हमको आजादी कैसे मिली है तथा क्या–क्या संघर्ष हमें करना पड़ा है।उक्त अवसर पर जेल अधीक्षक शशिकान्त मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, नगर मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर आर0पी0 शुक्ला, उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, तहसील सदर एवं जेल के वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ सहायक गण एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## दीपों से हर घर तिरंगा लिखकर जगाया देशभक्ति का अलख– पी के सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) डाकघर देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारत ''आजादी का अमृत महोत्सव'' बड़े धूमधाम से मना रहा है।इसी क्रम में अयोध्या डाक मण्डल कार्यालय में 1101 मिट्टी के दीपक प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया । डाक कर्मियों ने मिट्टी के दीपो से लिखा हर घर तिरंगा, आजादी का 75 वां वर्ष। डाक विभाग सहित पूरा देश हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा फहराकर उत्सव मना रहा है । इस दौरान मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने देश के सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम सर्वोपरि है इस दीपोत्सव के माध्यम से जनमानस को एकता अखण्ड एवं देश प्रेम की भावना से लबरेज करना है और उन्हें आज 13 से 15 अगस्त तक झंडा फहराने के लिए प्रेरित करना है । साथ ही श्री सिंह ने सभी जनमानस से अपील किया कि आप सभी हर घर तिरंगा अभियान में 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक देश का तिरंगा फहराने के महापर्व में शामिल होकर अपना अतुलनीय सहयोग प्रदान करें।मण्डल के सभी डाकघरों में तिरंगा फहराया गया। डाकघर में तिरंगा खरीदने की भारी भीड़ चल रही है । इस दौरान भारत माता की जय, वन्देमातरम का उद्घोष के साथ साथ इंडिया पोस्ट सबका दोस्त व डाक विभाग ने ठाना है हर घर तिरंगा फहराना है से गूंजता रहा । इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, पोस्टमास्टर जे पी वर्मा, दीपक तिवारी , अनामिका, चांदनी वर्मा, स्वाती, उर्मिला, पंकज सिंह, जय शंकर प्रसाद वर्मा, अवधेश सिंह, धीरेंद्र दुबे, हिमांशु, आदि मौजूद रहे।

## अटल बिहारी बाजपेई का व्यक्तित्व पूरे देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है –सौरभ मिश्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय राजनीति के अजातशत्रु भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कहा यह हम सब का सौभाग्य है कि हमने अटल जी को देखा सुना अटल जी जैसे वक्ता देश ही नहीं पूरे विश्व में कम ही हुए हैं। आज भी नई पीढ़ी के लिए उनके भाषण प्रेरणा का कार्य करते हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अटल जी से प्रेरणा लेकर पार्टी के लिए दिन रात काम करता है। पोखरण परमाणु विस्फोट के बाद लगे आर्थिक प्रतिबंधों के बीच भी भारत कमजोर नहीं पड़ा यह अटल जी के दृढ़ निश्चय की एक बानगी थी। अटल जी सदैव एक महान विचारक एवं अपने कालजई व्यक्तित्व के लिए स्मरण किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह रामअवतार शुक्ला जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह गुड्डू जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र सत्येंद्र



राजपूत भाजपा नेता पीके वर्मा जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला नीतू चंद्रा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह राजाबक्स सिंह ममो अध्यक्ष अलका गुप्ता युमो अध्यक्ष आकाश सिंह किसान मोर्चा के विश्वराज सिंह अभिषेक सिंह सत्यम शुक्ला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## गुरु गोबिंद सिंह विद्या मंदिर के नाम से प्रदेश के एक मात्र शिक्षण संस्था में संपन्न हुई अमृत महोत्सव की तिरंगा यात्रा

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : जनपद सीतापुर के विकासखंड परसेंडी के अंतर्गत ग्राम पंचायत रिखौना में गुरु गोबिंद सिंह विद्या मंदिर के नाम से एकमात्र शिक्षण संस्थान पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश , कल्याण सिंह के द्वारा स्थापित है । गुरु गोविंद सिंह जी के नाम से ही उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक स्पोर्ट कॉलेज तो संचालित है। परंतु शिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश में दूसरा नहीं है ।जिसमें स्वतंत्रता दिवस का 75 वा अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम क प्रारंभ डॉक्टर भैया लाल तिवारी , बूथ अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने ध्वजारोहण करके किया । अनेक छात्रों ने अपना काव्य पाठ किया । कार्यक्रम का संचालन रामनिवास तिवारी ने किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सोम दीक्षित ने 15 अगस्त सन 1947 का ऐतिहासिक वर्णन करते हुए सभी को बताया ,किस प्रकार हमें यह आज का दिन देखने को मिला है । उप प्रधानाचार्य उमाशंकर शुक्ल ने स्वतंत्रता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम सब नियमों में बंधे हो करके स्वतंत्र हैं । किसी की भी, किसी की ,स्वतंत्रता का हनन करने का अधिकार नहीं है । कार्यक्रम का संबोधन बूथ अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, श्याम बिहारी शुक्ला ,सेक्टर संयोजक श्याम सुंदर मित्र ,एवं पूर्व सेक्टर संयोजक पंकज शुक्ला ,शिक्षक जितेंद्र कुमार शुक्ल उर्फ



नीरज ,समाजसेवी हरद्वारी लाल तिवारी ,ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष रामअवतार राजवंशी, डॉक्टर सुनील तिवारी ,संजय यादव ,कमल किशोर, आशुतोष बाजपाई, राकेश कुमार, लालता प्रसाद ,गुड्डू राजवंशी ,अरुण कुमार तिवारी ,ने सहभागिता निभाई। इस महोत्सव में 75 फीट के तिरंगे के साथ शिक्षक और शिक्षार्थीयों ने यात्रा निकाली। विशेष ध्यातव्य –इस तिरंगा यात्रा में कोतवाली तालगांव तथा सीओ लहरपुर का विशेष सहयोग रहा । क्योंकि उन्होंने मात्र 10 मिनट के अंतराल में पुलिस की व्यवस्था उपलब्ध करा के इस तिरंगा यात्रा को निर्विघ्न संपन्न कराया । इस हेतु तालगांव के एसएचओ संतोष कुमार वा सीओ लहरपुर विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

## आजादी के बाद अमृत महोत्सव मनाना गौरव की बात – आसिफ खान बब्बू

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर नगर पालिका परिसर में नगर पालिका परिषद की चेयरमैन नसरीन बानो ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद नेहरू मुंसिपल कन्या इंटर कॉलेज मैं ध्वजारोहण कियाद्य यहां छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू ने कहा कि जब आजादी मिली थी उस समय कितनी खुशी मिली होगी। आज तो यह अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। पूरे देश में खुशी का माहौल है!यह हम सबके लिए गौरव की बात है। कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। आजादी कितने संघर्षों के बाद मिली, उसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। बब्बू भाई ने कहा, देश की आन बान शान तिरंगा घर–घर फैला रहा है इससे हिंदुस्तान का सर गर्व से ऊंचा हो जाता है! आजादी के बाद वासियों ने देश को संभालने का काम किया पूर्व विधायक ने बताया कि उन्हें नगर पालिका को संभाले 25 साल हो गए हैं सदैव कोशिश रही है किस शिक्षिकाओं को सम्मान दिया जाए शिक्षिकाएं भी अपनी ड्यूटी को समझें और बेहतर शिक्षा दें देश हमारा समझ जाएगा तिरंगा शान से करेगा अगर सभी लोग अपने अपना कर्तव्य का पालन करें अच्छी शिक्षा पाकर बच्चे साहब आपका नाम ही नहीं बरन देश का नाम भी रोशन करें! अंबरीश कुमार सक्सेना एवं वर्तिका शुक्ला के संयुक्त संचालन में हुए अमृत महोत्सव में प्रधानाचार्य नुरुल हुमा शिक्षिका पुष्पांजलि श्रीवास्तव, बंदना दीक्षित







उषा देवी वैशाली यादव वर्तिका शुक्ला रुचि दुबे आयशा परवीन भरवी अग्निहोत्री नायाब जहां सतीश शुक्ला जिया खान निरूपा निर्मला अरुण वाला शकुंतला रेशमा परवीन सोनी अंसार हुसैन एवं आदर्श राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राधेश्याम दीक्षित आदि मौजूद रहे!

## आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन अयोध्या में डीआईजी अयोध्या रेंज अयोध्या द्वारा किया गया ध्वजारोहण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) पूरा भारत देश आजादी की 75 वी वर्षगांठ को हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से मनाया। वही इसी कड़ी में स्वतन्त्रता की 75 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन जनपद अयोध्या में पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या रेंज,अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा ध्वजारोहण के उपरान्त सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया गया। उसके बाद उन्होंने इस मौके पर अपने वक्तव्य में कहा कि पुलिस बल एक अनुशासित बल है जिसके कन्धों पर बहुत सारी जिम्मेदारियां होती हैं।हम सबको चुनौतीपूर्ण दायित्वों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाना होता है। वर्तमान समय कानून व्यवस्था को बनाए रखने सहित अन्य चुनौतियों का सामना जिस तन्मयता व निष्ठा से आप सबने मिल कर किया और कर रहे हैं उसकी प्रंशसा हर तरफ हो रही है ।हमें अपने आपको हमेशा ऊर्जावान रखते हुए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहना है। कभी भी अपने आपको हतोत्साहित नहीं करना चाहिए। कल और आज कुछ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र सहित विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया एवं उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारी गण को मिष्ठान वितरित किया गया।इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या रेंज,अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा पुलिस परिवार के प्रत्येक सदस्यों के साथ ही समस्त जनपद व देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं व बधाई दी गयी।इसी तरह जनपद के प्रत्येक थानों, चौकियों व कार्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस के 75वीं वर्षगांठ पर ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस के पर्व को मनाया जा रहा तथा एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

## महिला चिकित्सक नदारद रहने से मरीज हो रहे परेशान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए जी जान से मेहनत कर रहे हो लेकिन यहाँ चिकित्सा अधीक्षक का अपने कर्मचारियों पर कोई अंकुश नही है।आए दिन सीएचसी मवई से लापरवाही की खबरे आम बात हो गई लेकिन जिम्मेदार सीएमओ भी अनजान बन मवई क्षेत्र के मरीजो के साथ खिलवाड़ कर रहे है।शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में महिला ओपीडी में महिला चिकित्सक के नहीं बैठने से मरीजों का इलाज नहीं हो सका।जिसकी वजह से महिला ओपीडी बंद रहा।ऐसे में महिला मरीज और उनके तीमारदारों को समस्याओ का सामना करना पड़ा। आपको बता दे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई जिले के अंतिम छोर पर स्थित एक ऐसा अस्पताल है जिस पर करीब 400 गांवो के लोगो के स्वास्थ्य का जिम्मा है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सीएचसी मवई पर सुबह से ही दर्जनों महिलाएं इलाज के लिए पहुंची लेकिन किसी भी महिला चिकित्सक के नहीं रहने से महिलाओं को वापस लौटना पड़ा।पूछे जाने पर कार्यवाहक चिकित्सा प्रभारी डॉ0 फराज ने बताया कि आज महिला चिकित्सक डॉ0 रीना अवकाश पर है।वही दूसरी चिकित्सक के बारे में वे कुछ जबाब नही दे पाए।इलाज करवाने के लिए अस्पताल आई सुनीता देवी,शुशीला देवी,रोशनी,सबाना बानो ने बताया कि सुबह से महिला चिकित्सक का इंतजार कर रहे है लेकिन अभी तक कोई चिकित्सक नही आया जिससे वापस जाना पड़ रहा है।सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक से जब इस बारे में बात करना चाहा तो पता चला कि वह भी अवकाश पर है।सीएचसी मवई में लापरवाही का यह आलम है कि सीएमओ को भी अपने चिकित्सा अधीक्षक के अवकाश पर जाने की जानकारी नही है।सीएमओ अजय राजा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि मौके पर चिकित्सा अधीक्षक होंगे जब उन्हें बताया गया कि वे भी अवकाश पर है तब उन्हें जानकारी हुई वही महिला चिकित्सक के बारे में उन्होंने बताया कि दोनों महिला चिकित्सक अवकाश पर है।जबकि दोनों महिला चिकित्सको को अवकाश देने से पूर्व सीएचसी पर महिला ओपीडी की जिम्मेदारी के लिए सीएमओ को कोई व्यवस्था करनी चाहिए लेकिन दिनभर महिला चिकित्सक न आने से मरीज भटकते रहे।

# जौनपुर आजादी के आंदोलन में जौनपुर का योगदान महत्वपूर्ण – पं. राम सन्मुख तिवारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक विद्यालय संकुल समोधपुर, जौनपुर में आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ।इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधकारिणी समिति के सम्मानित सदस्य पं. राम सन्मुख तिवारी ने ध्वजारोहण किया।उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र– छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद जौनपुर का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है।जनपद के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों ने धानियामऊ–बदलापुर,हौज–सिरकोनी, सेनापुर–केराकत में अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए।आज के 76 वें स्वतन्त्रता दिवस पर हमारी नई पीढ़ी यह संकल्प ले कि वह हमारे देश को आजाद कराने वाले नायकों, क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देगी और राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। अपने संबोधन में प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि आज हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम आजादी के मूल्यों को समझें और राष्ट्र निर्माण हेतु अपने कर्त्तव्यों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी निर्वहन करें। प्राचार्य प्रो.बी. के. निर्मल ने आजादी के वीर सपूतों को याद करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव में महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह ने शिक्षकों छात्रों एवं उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का आजादी का आंदोलन पूरी दुनिया में अनोखा है जो सत्य और अहिंसा के मूल्यों पर आधारित था,जिसके कारण आज 75 वर्षों में भारत उसी तरह



दुनिया के सामने खड़ा है और नित –नई प्रगति करता जा रहा है। विद्यार्थियों ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा,झंडा ऊंचा रहे हमारा का संगीत की धुन पर गाकर पूरे माहौल को देशभक्ति से ओत–प्रोत कर दिया। तत्पश्चात शिक्षकों कर्मचारियों ,एन.एस.एस.एवं रोवर्स–रेंजर्स के स्वयंसेवकों, छात्र–छात्राओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा,झंडा ऊंचा रहे हमारा का उद्घोष करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली जो आस–पास के गांव में जाकर लोगों को जागरूक करने के पश्चात विद्यालय संकुल के सभी लोगों ने अपने–अपने विद्यालयों में जाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी के प्रवक्ता विनय कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर प्रो. रमेश चंद्र सिंह, प्रो.रणजीत कुमार पांडेय,समन्वयक–रा.से.यो.वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर डॉ.राकेश कुमार यादव,मुख्य अनुशास्ता डॉ अरविंद कुमार सिंह, प्राचार्य शारीरिक शिक्षा –प्रशिक्षण महाविद्यालय डॉ.राजेश सिंह ,पूर्व प्राचार्य डॉ.विजय प्रकाश दुबे,डॉ अविनाश वर्मा, डॉ अवधेश कुमार मिश्रा, डॉ पंकज सिंह, डॉ लालमणि प्रजापति, डॉ आलोक प्रताप सिंह,डॉ नीलम सिंह, डॉ नीलू सिंह,प्रधानाचार्य,औघड़ भगवान राम बाल विद्यापीठ वसुधापति तिवारी,कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, गंगा प्रसाद सिंह,जितेंद्र बहादुर सिंह 'बबलू' राजकुमारी सिंह, प्रीतेश सिंह,रविन्द्र उपाध्याय, प्रशांत तिवारी,गांधी स्मारक विद्यालय संकुल समोधपुर के समस्त शिक्षक,कर्मचारी छात्र–छात्राएं एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित थे।

# गांधी जी का जीवन समाज के लिए अनुकरणीय : स्व. जयकरन सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में निभाई अग्रणी भूमिका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करंजाकला ब्लाक क्षेत्र के सैदपुर गड़उर गांव स्थित जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही।कालेज के विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर आजादी के अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर विद्यालय के छात्र,छात्राओं ने मनमोहक देश भक्ति गीत,संगीत,नृत्य का प्रस्तुतीकरण दिया। देश भक्ति नारों से विद्यालय गूंज उठा। कार्यक्रम के पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद,पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक स्मृति शेष जयकरन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण प्रबंधक लालजीत चौहान ने



किया।कार्यक्रम में प्रेमनाथ चौहान,दारा सिंह चौहान,,साहबलाल यादव ने भी संबोधित किया।कहा उक्त लोगों का जीवन समाज के लिए अनुकरणीय है।इस मौके पर वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार यादव,डॉ चंद्रजीत, कार्यालय सहायक विकास यादव, शिक्षक वीरेंद्र यादव, सुनीता सिंह, मधु कुमारी,हरेंद्र चौहान, विजय सिंह, अवधेश कुमार, नायब लाल ,दीपक उपाध्याय,विपिन सिंह, पिंटू विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र एवं हरेंद्र ने संयुक्त रूप से किया।

# भारत विकास परिषद द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर फहराया गया तिरंगा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद शाखा जौनपुर द्वारा सेवा एव संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत महावीर कॉन्वेंट स्कूल नखास में वरिष्ठ सदस्य सम्मान समारोह के साथ राष्ट्र ध्वज फहराया गया। शाखा अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने कहा की आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है हमे अपने तिरंगे की आन बान शान की रक्षा करनी चाहिए। संस्थापक अध्यक्ष लोकेश कुमार ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ बहुत उम्मीद से देख रहा है।यह आजादी के अमृत महोत्सव का पर गर्व की बात है। पूर्व अध्यक्ष भृगुनाथ पाठक ने कहा कि आजाद भारत मे पहली बार ऐसा जोश और जुनून के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने का अवसर मिला है। इस अवसर पूर्व अध्यक्ष अवधेश गिरी ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा आजादी के आंदोलन में शहीद हुए लोगो की कुर्बानी को व्यर्थ न जाने दे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शरद साहू,सतेंद्र अग्रहरि, मीडिया प्रभारी शिव जायसवाल,डॉ गौरव मौर्या, रमेश श्रीवास्तव, ध्रुव




जायसवाल,मीनू श्रीवास्तव ममता साहू डॉ तुलिका मौर्या सहित संस्था के तमाम सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव दिलीप जायसवाल ने किया। अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव समाजसेवी धर्मवीर जी एव मानिकचंद सेठ द्वारा वरिष्ठ सदस्य भृगुनाथ पाठक एव छोटेलाल जायसवाल को सम्मानित किया गया।अंत मे विद्यालय प्रबधंक प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अतुल जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद में 11 से 17 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान

जौनपुर सू.वि. : अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद में 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाए जा रहे हैं। इस उत्साह के माहौल में देश की आन–बान–शान और तिरंगे झंडे के प्रति लोगों के मन में प्रेम आदर और निष्ठा बनी रहे इसके लिए ओमेगा पब्लिक स्कूल (पराऊगंज) छातीडीह, चक्के, जौनपुर के बच्चों ने 10 टोलियां बनाकर नुक्कड़ नाटक एवं प्रिंटेड पेपर के माध्यम से देशवासियों से अपील कर जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा 13 अगस्त को हरी झंडी दिखाकर किया गया था। बच्चों ने हाथ उत्साह के साथ पूरे जिले में सैकड़ों जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाया, जिसका समापन आज पराऊगंज बाजार, जलालपुर बाजार सहित जौनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय के द्वारा झंडे के मान–सम्मान की सुरक्षा की शपथ दिलाने के साथ ही उपहार देकर उत्साहवर्धन करने के बाद समापन हुआ। बच्चों का नेतृत्व विद्यालय के चेयरमैन पंकज भूषण मिश्र सहित पूरे ओमेगा परिवार ने किया।

# हॉस्टल की छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा : जोशीले नारों से गूंज उठा परिसर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल से तिरंगा यात्रा



निकाली गई। यह यात्रा आवासीय परिसर से वीर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर होते हुए गांधी वाटिका पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्राएं शामिल हुई। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो रजनीश भास्कर ने कहा कि तिरंगा यात्रा से पूरा देश बलिदानियों को स्मरण कर रहा है। इसी के चलते हम कई गुमनाम शहीदों को भी स्थानीय स्तर पर जान गए। तिरंगा यात्रा में नारे के साथ लोगों का उत्साहवर्धन और आभार नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने किया। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा विश्वविद्यालय गूंजता रहा। इस अवसर पर डॉ अवधा बिहारी सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. विनय वर्मा, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ.झांसी मिश्रा, डॉ. पूजा सक्सेना, जया शुक्ला और विद्यार्थी शामिल हुए।

# लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज ने कराया वृद्ध व असहाय को भोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव पर्व पर आज दिनांक 15 अगस्त 2022 हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धा आश्रम प्रेम राजपुर में असहाय व वृद्ध लोगों को भोजन कराया गया व भोजन उपरांत सभी वृद्ध जनों को फल वितरित किया गया। और वृद्धजनों को तिरंगा वितरित करके उनके साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया । इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा कि वृद्ध व भूखों को भोजन कराने से बड़ा पुण्य और कुछ नहीं हो सकता ।अध्यक्ष विष्णु सहाय ने कहा कि हमे अपने जन्मदिन, सालगिरह आदि इन बुजुर्गों के बीच मनाना चाहिए जिससे इन लोगों में जीवन जीने की आशा विकसित हो सके और वृद्ध जनों की हौसला हो ऑफ अफजाई भी होती रहे और उन्हें एक पारिवारिक माहौल मिल सके। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि इन लोगों के बीच आकर मुझे बहुत अच्छा लगा और एक आत्मिक शांति मिली मैं समय–समय पर यहां इस तरह के कार्यक्रम कराता रहूंगा। इस अवसर पर लेडी सुषमा सोनकर, नीतू सिंह और लायन डॉ चंदन जी की माता जी ,लायन देव आनन्द ,अजीत सोनकर ,सर्वेश जयसवाल, डॉ चंदन, अभिषेक गुप्ता, प्रदीप सिंह ,हसन अब्बास ,हाफिज जी ,दिलीप जायसवाल ,विनय बरोतिया , अतुल चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद दिया गया।

# परिषदीय शिक्षकों को तबादले के लिए अभी करना होगा इंतजार : ये है कारण

लखनऊ ब्यूरो : परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की जिले के अंदर तबादले की प्रक्रिया शुरू होने में अभी कुछ समय और लगेगा। पहले 68500 भर्ती प्रक्रिया के 4000 शिक्षकों को कोर्ट के आदेशानुसार जिला आवंटन किया जा




रहा है। इसके बाद तबादले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि कोर्ट के आदेशानुसार 68500 भर्ती प्रक्रिया के लगभग 4000 शिक्षकों को जिला आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने में करीब एक हफ्ते का समय लगेगा। इसके बाद सभी शिक्षकों की ऑनलाइन तबादले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि अगले हफ्ते प्रक्रिया शुरू हो सकती है। उधर, उप्र. दूरस्थ बीटीसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि उच्च स्तर से प्रक्रिया जल्द शुरू होने की तिथि घोषित कर दी जाए तो इससे संशय की स्थिति नहीं रहेगी। उन्होंने तबादला प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की है। राजकीय शिक्षकों के समायोजन में भी लगेगा समय शासन के निर्देशानुसार राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की चल रही समायोजन प्रक्रिया में भी कुछ दिन और लगेंगे। कुछ जिलों के ब्योरे में त्रुटि से इसमें दो–चार दिन का विलंब हो रहा है। समायोजन की सूची तैयार होने के बाद उसे शासन को भेजा जाएगा। शासन स्तर से तय होगा कि उसे मुख्यमंत्री के अनुमोदन के लिए भेजा जाना है या नहीं। क्योंकि मंगलवार को तबादलों के संबंध में अब मुख्यमंत्री का अनुमोदन लिए जाने संबंधी आदेश जारी हुआ है। इसलिए कहा जा रहा है कि राजकीय शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया की सूची भी शायद अनुमोदन के लिए भेजी जाए।

# अभाकाम जौनपुर ने आजादी महोत्सव के अवसर पर परमानतपुर मे गोष्ठी का किया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर ने स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर आजादी महोत्सव के अवसर पर परमानतपुर मे गोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रवी श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु,महिला जिलाध्यक्ष श्री मती पूनम श्रीवास्तव, डाक्टर मनमोहन



श्रीवास्तव, बजरंग प्रसाद एडवोकेट, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ,श्रीकान्त श्रीवास्तव, उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, भानु प्रताप श्रीवास्तव, डाक्टर संजय श्रीवास्तव, दयाल सर्न श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, अमूल्य श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, युवा महामंत्री–आरन श्रीवास्तव,सौरभ श्रीवास्तव एवं जिला कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महामंत्री–सुरेश कुमार अस्थाना ने किया ।

# रेडक्रास सोसायटी ने मनाया आजादी का महापर्व

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रेडक्रास सोसायटी के द्वारा आजादी का महापर्व रेडक्रास भवन पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद उन्होंने देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया और कहा कि देश के उन वीर सपूतों के व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेकर हमें सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए । मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने कहा कि स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वस्थ जीवन का होना आवश्यक है क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही देश व समाज के विकास में अपेक्षित सहयोग कर सकता है। अतः सभी लोग स्वस्थ रहें और देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदरियों का निर्वहन करें यही कामना है। रेडक्रास जौनपुर शाखा के सचिव डा0 मनोज वत्स ने कहा कि आजादी के लिए हमारे देश के रणबांकुरों ने अपने जीवन का बलिदान दे दिया, उन्हीं की देन है कि आज हम स्वतंत्र होकर खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज आवश्यकता है कि हमसब उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग करें। कार्यक्रम



में उपस्थित लोगों के प्रति आभार रेडक्रास के कोषाध्यक्ष डा0 संदीप पाण्डेय द्वारा ज्ञापित किया गया। इस मौके पर डा0 राजीव कुमार, डा0 एन.बहादुर सिंह, शशिकांत सिंह, अतुल सिंह, डा0 प्रमोद सिंह, अरुण सिंह, विद्याधर राय विद्यार्थी, पवन सिंह, एस एन सिंह, आनंद, डा0 सुरेंद्र श्रीवास्तव, संदीप सिन्हा, आशीष श्रीवास्तव, अरुण मौर्य, अर्चना सिंह, भानु सिंह, राजन श्रीवास्तव, संजय यादव, नितिन चौरसिया, नंद लाल, साजिद, असलम खान आदि उपस्थित रहे।

# अटल जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में सँगोष्ठी सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर पंडित अटल विहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया के अध्यक्षता मे संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप मे पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ई अमित श्रीवास्तव ने की। मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुये पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। वह 1968 से 1973 तक जनसंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1952 में वो पहली बार लोकसभा चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। इसके बाद 1957 में यूपी के बलरामपुर सीट से जनसंघ प्रत्याशी के रूप में उन्होंने विजयी हासिल की। इमरजेंसी के बाद आई मोरारजी देसाई की सरकार में 1977 से 1979 तक वे विदेश मंत्री रहे। वर्ष 1980 में जनता पार्टी से अलग होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में मदद की और बाद मे 6 अप्रैल 1980 को बनी भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष भी बने। जिसके बाद वह दो बार राज्यसभा के लिए भी चुने गए। अटल बिहारी वाजपेयी का निधन 16 अगस्त, 2018 को हुआ था भारतीय जनता पार्टी को कामयाबी के शिखर पर ले जाने में पंडित अटल बिहारी। वाजपेयी कि महत्वपूर्ण भूमिका थी। नब्बे के दशक में वह पार्टी का मुख्य चेहरा बनकर उभरे और केंद्र में पहली बार भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनी।







प्रधानमंत्री के तौर पर वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान देश में उदारीकरण को बढ़ावा मिला और बुनियादी ढांचे तथा विकास को गति मिली। जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने आये हुए कार्यकर्ताओ का अभिवादन करते हुये कहा कि वर्ष 1996 में पहली बार अटल बिहारी देश के प्रधानमंत्री बने लेकिन बहुमत न होने के चलते उनकी सरकार मात्र 13 दिनों के बाद गिर गई। जिसके बाद वर्ष 1998 में वे दोबारा पीएम बने, लेकिन, 13 महीने बाद 1999 की शुरुआत में उनके नेतृत्व वाली सरकार दोबारा गिर गई। चुनाव हुए और 1999 में ही उनके नेतृत्व में 13 दलों की गठबंधन सरकार बनी, जिसने सफलतापूर्वक पांच साल का कार्यकाल पूरा किया, जो अपना कार्यकाल पूरा करने वाली पहली गैर कांग्रेसी सरकार थी। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, ओमप्रकाश निषाद, संदीप सरोज, जिला मंत्री रविंद्र सिंह राजू दादा, विपिन द्विवेदी, ओमप्रकाश रहे।, सिद्धार्थ राय, रोहन सिंह, नरेन्द्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, अजय सरोज, मेराज हैदर, सुरेश धुरिया, विनीत शुक्ला, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, हर्ष मोदनवाल, मण्ड़ल अध्यक्ष गण जितेन्द्र मिश्रा, शैलेश सिंह, अजय मिश्रा, नरेन्द्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिला कारागार जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशों एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम द्वारा 17 अगस्त 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में महिला बन्दियों की समस्याएं तथा बैरक नं0 3 एबी, बैरक नं0 4 किशोर बैरक तथा जेल अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजों का हाल–चाल पूछा गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी एवं बन्दी कृष्ण कुमार चौहान द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की मांग की गयी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकार के प्रकरण संज्ञान में आने पर तुरन्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराना सुनिश्चित करें। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1267 बन्दी है, जिनमें 181 पुरूष तथा 04 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 925 पुरूष तथा 67 महिलाएँ एवं 58 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 15 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है। जेल अस्पताल के निरीक्षण में साफ–सफाई में कमियों की तरफ इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय, जेलर, कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर, राजकुमार सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्सा अधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

# 'रंगोली में उकेरा आजादी का अमृत महोत्सव'

जौनपुर सू.वि. : स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत 17 अगस्त को जनपद के सभी इन्टर कालेज में रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने एक से बढकर एक रंगोली सजाकर देशभक्ति बढ़ाने के लिए सभी को प्रेरित किया। रंगोली बनाने में नगर के जनक कुमारी इन्टर कालेज, बी आर पी, इ. का. रजा डी एम शिया इ. का., राजा श्री कृष्ण दत्त इ. का., राजकीय बालिका इ. का., सरस्वती इ. का. गुलाबी देवी बालिका इ. का. की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगोली में उकेरा आजादी का महत्व प्रदर्शित किया। पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में रंगोली आकर्षण का केंद्र रहा जिसे नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आये सैकड़ों लोगों ने देखा और लोग खूब तारीफ करते रहे। रंगोली का अवलोकन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (भू.रा.) रजनीश राय, सिटी मजिस्ट्रेट आयुश चौधरी ने रंगोली का बारी बारी से अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि रंगोली बहुत शुभ माना जाता है और कहते हैं कि घर के आंगन में या स्कूल, कॉलेज या किसी भी इमारत के बाहर रंगोली बनाने से न सिर्फ ये खूबसूरत लगती है बल्कि इससे सकारात्मकता भी आती है और आज आजादी महोत्सव के महापर्व पर रंगोली विशेष रूप से बनाई गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी के द्वारा खूबसूरत रंगोलियां बनाई गई है। सभी बच्चों का प्रयास सराहनीय है। अन्त में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश चन्द्र यादव ने आभार व्यक्त किया, संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा0 जंग बहादुर सिंह, डा0 सुभाष चंद्र सिंह, डा0 संजय चौबे, आशीष मिश्रा, आदर्श वर्मा, कमलेश सिंह, संयुक्त लता श्रीवास्तव, मोजिस अब्बास, नागेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी कमांडेंट डाक्टर मिश्र आईपीएस के नेतृत्व में काशी के अस्सी घाट से निकली तिरंगा वोट यात्रा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)बाबा विश्वनाथ जी की नगरी वाराणसी स्थित अस्सी घाट सहित अन्य घाट उस समय देखते देखते तिरंगा मय हो गई जब 34 वी पीएसी वाहिनी बटालियन वाराणसी कमांडेंट डाक्टर राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट,34 वी वाहिनी पीएसी बटालियन वाराणसी, व 36 वी वाहिनी पीएसी बटालियन वाराणसी के साथ साथ एसडीआरएफ की संयुक्त टीमों द्वारा पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो की श्रृंखला में स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत काशी में भव्य तिरंगा बोट यात्रा निकाली गई।मीडिया सेल 34 वी पीएसी वाहिनी बटालियन वाराणसी के मुताबिक इस यात्रा में पुलिस कमिश्नरेट, 34वीं वाहिनी पीएसी, 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, तथा एसडीआरएफ की संयुक्त टीमों द्वारा गुब्बारों से सजी दो दर्जन से अधिक मोटर बोटो के साथ प्रतिभाग किया गया।यह तिरंगा बोट यात्रा वाराणसी के अस्सी घाट से,लगभग पांच बजे प्रारंभ होकर पंचगंगा घाट तक गई और वापसी के समय दशाश्वमेध घाट पर कुछ समय के लिए रूकी।बोट यात्रा का नेतृत्व कर रहे डॉ राजीव नारायण मिश्र,आईपीएस ने दशाश्वमेध घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह अमृत महोत्सव हम सबके लिए राष्ट्र गौरव का पर्व है। मोटर बोट यात्रा में सम्मिलित सभी प्रतिभागी राष्ट्रीय ध्वज लेकर, भारत माता की जय एवं वंदे



मातरम का उद्घोष करते रहे। इस यात्रा के दौरान दशाश्वमेध घाट पर उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों ने नावों पर सवार प्रतिभागियों द्वारा लगाए जा रहे उद्घोष का प्रत्युत्तर देकर, उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात यह तिरंगा यात्रा अस्सी घाट पर लगभग साढ़े आठ बजे बजे आकर समाप्त हो गयी।यात्रा शुभारंभ एवं समापन के समय पीएसी का 'हाफ ब्रास बैंड'' देशभक्ति के गीतों की मनोरम प्रस्तुति दी।इस यात्रा में अनिल कुमार पांडे सेनानायक 36वीं वाहिनी पीएसी, अवधेश पांडे, सहायक पुलिस आयुक्त, दशाश्वमेध, थाना प्रभारी जल पुलिस व अन्य अधिकारीगण ने भाग लिया।

## अमृत महोत्सव पर सीओ अयोध्या व सीओ ट्रैफिक डाक्टर राजेश तिवारी के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

अयोध्या।(सुरेन्द्र कुमार ब्यूरो चीफ डीकेयू लाइव न्यूज ) : इस समय पूरा देश आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मना रहा है। इस मौके पर सभी प्रांतों व जगहों पर इस अवसर पर एक से बढ़कर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।वही इसी कड़ी में अयोध्या जिले में जिलाधिकारी नीतीश कुमार व एसएसपी प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर बुधवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक सीओ अयोध्या/सीओ यातायात डाक्टर राजेश तिवारी के नेतृत्व में पीआरवी की टीम ने तिरंगा यात्रा निकाला। इस मौके पर इस तिरंगा यात्रा को एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने तिरंगा दिखाकर रवाना किया।जहां पर अयोध्या की पीआरवी टीमें हाथों में तिरंगा लेकर सहादत गंज से नए घाट



तक तिरंगा यात्रा निकाला।जिसका संचालन खुऊ सीओ अयोध्या/यातायात प्रभारी डॉ राजेश तिवारी खुद कर रहे थे। यह तिरंगा यात्रा जिधर से गुजर रही थी उधर का वातावरण पूर्व रुप से देशभक्ति से ओतप्रोत हो रहा था।

# इस बार अयोध्या की रामलीला पेश होगी और भी अधिक आकर्षण – सुभाष मलिक "बाबी"

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या की रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक (बॉबी) जी ने बताया कि यह अयोध्या की रामलीला का तीसरा संस्करण है।जो अयोध्या में लक्ष्मण किला सरयू नदी के किनारे किया जाता हैं। अयोध्या की रामलीला का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और अयोध्या की रामलीला के मुख्य संरक्षक प्रवेश साहिब वर्मा (भाजपा सांसद)जी के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है। यह बाते आज दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मलिक बाबी ने कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अयोध्या की रामलीला करने का हमारा एक ही उद्देश्य है की भगवान श्री राम की रामलीला को सभी राम भक्त घर पर बैठकर देख पाएं। इसलिए हम विभिन्न जगहों पर अयोध्या की रामलीला की प्रेस कांफ्रेंस करते हैं। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है, 2020 में 16 करोड़, और 2021 में बाईस करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चौनल और सोशल मीडिया यूट्यूब पर होता है।इस मौके पर अयोध्या की रामलीला में मुख्य भूमिका निभा रहे राहुल भूचर (श्री राम की भूमिका) ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशिर्वाद से होती है।और इसको दुनिया के कोने कोने में भगवान श्री राम के भक्त देखते हैं।इस मौके पर सीता की भूमिका निभा रही दीक्षा रैना जी ने बोला कि मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानती हूं कि मै अयोध्या की रामलीला में माता सीता की भूमिका निभा रही हूं। इसी कड़ी में और जाने माने टीवी कलाकार गुफी पेंटल जी जो अपने आप में बहुत बड़ा नाम हैं अयोध्या की रामलीला में नारद मुनि की भूमिका निभा रहे हैं।इस मौके पर गूफी पेंटल जी ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशिर्वाद से होती हैं।इसका आयोजन भगवान श्री राम के आशीर्वाद से होता है। इसमें मैं इसमें नारद मुनि की भूमिका निभा रहा हूं।और मेरे मित्र गिरजा शंकर ( राजा दसरथ श्री राम जी के पिताश्री जी की भूमिका निभा रहे है, वही प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री,राकेश बेदी, रजा मुराद, गुफी पेंटल,और कई बॉलीवुड की महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं।भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। भगवान श्री राम के भक्तो ने इसे विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है। अयोध्या कि रामलीला में सबसे



बड़ा सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन हो पाया है।और उनका सहयोग हमारे पर रहता है,हम बड़े भाग्यशाली है, और अयोध्या कि रामलीला इस वर्ष अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी,2020 में सोलह करोड़ से ज्यादा भगवान राम भक्तो ने इसे देखा था।2021 मे बाईस करोड़ से ज्यादा राम भक्तो ने देखा था।इस बार हमे पुरी उम्मीद है, भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी। इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के क्रिएटिव डायरेक्टर व जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने बोला की अयोध्या कि रामलीला में इस बार 1600 फुट का एलईडी सेट तैयार हो रहा हैं।और बॉलीवुड की कई महान हस्तियां अयोध्या कि रामलीला में काम कर रही हैं।इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक(बॉबी) ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन दिनांक 25 सितंबर से 5अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे।इस वर्ष अयोध्या कि रामलीला का तीसरा संस्करण होगा। जिसको लाइव दिखाया जाएगा। शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन पर देख पाएंगे। , श्री रवि किशन जी केवट, श्री विंदू दारा सिंह जी हनुमान, श्री गजेंद्र चौहान जी राजा जनक,, श्री शाहबाज खान जी रावण , श्री गुफी पेंटल जी नारद मुनि, श्री गिरजा शंकर जी दशरथ, कपिल शर्मा शो की बुआ जी उपासना सिंह जी कैकेई, दीक्षा रैना जी सीता, राहुल बुचर राम , रजा मुराद महर्षि विश्वामित्र की भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर मौजूद थे, अयोध्या कि रामलीला कमेटी के चेयरमैन राकेश बिंदल,और वॉइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरमैन कैप्टन राज माथुर, वॉइस चेयरमैन अनुज अग्रवाल, संरक्षक सात प्रकाश राणा ,सरंक्षक पवन वत्स ,उपाध्यक्ष दीपक भगचंदनी जी ने बोला अयोध्या कि रामलीला 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अयोध्या में तीसरा संस्करण होने जा रहा है। हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है।भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या कि रामलीला का आयोजन होता है।

## अयोध्या में नियुक्त उ0नि0 रामाश्रय को राष्ट्रपति महोदय द्वारा सराहनीय सेवा हेतुदिया गया पुलिस पदक

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या में नियुक्त उ0नि0 रामाश्रय को राष्ट्रपति महोदय द्वारा सराहनीय सेवा हेतु पुलिस पदक प्रदान किया गया। इस पदक की घोषणा स्वतंत्रता दिवस–2021 के अवसर पर किया गया था। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रशस्ति पत्र व सम्मान चिन्हध्मेडल इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डाक द्वारा प्राप्त हुआ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समारोह में ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के उपरान्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने उ0नि0 रामाश्रय को राष्ट्रपति महोदय द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उ0नि0 रामाश्रय को बधाई दिया। उ0नि0 रामाश्रय मूलरूप ग्राम रामगढ़ बनोही थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ के निवासी हैं। उ0नि0 रामाश्रय 04 भाई एवं 04 बहनों में सबसे बड़े हैं। घर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करते हुए मुकाम हासिल किया है। इनके बच्चे जयप्रकाश, ज्ञानप्रकाश, रामप्रकाश व कंचन सभी लोग उच्च शिक्षा प्राप्त कर सेवारत हैं। इन्होने पुलिस विभाग में सेवारत रहते हुए स्नातक की पढ़ाई फिरोज गांधी डिग्री कालेज रायबरेली से पूर्ण किया। अपनी सराहनीय सेवायें जनपद लखनऊ, उन्नाव एवं बाराबंकी में दे चुके हैं। वर्तमान समय में पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या कार्यालय में वाचक के पद पर नियुक्त हैं। अपनी सफलता का श्रेय अपनी लगन और परिश्रम को देते हुए कहते हैं कि– हम सभी को



इमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करना चाहिये। बताते हैं कि उनके पिता स्व0छंगूलाल एक साधारण किसान थे और हमेशा ही मेहनत और इमानदारी से कार्य करने के लिए बोलते थे। जिसके परिणाम मुझे यह सफलता प्राप्त हुई।

## 34 वी बटालियन पीएसी वाराणसी में तैनात मीडिया सेल प्रभारी राजन मिश्र की दादी की मृत्यु पर पीएसी कर्मियों व अन्य लोगों ने जताया शोक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 बटालियन पीएसी वाराणसी में तैनात, बटालियन मीडिया सेल का कार्य संचालन कर रहे आरक्षी राजन मिश्र, जो कि मूल रूप से जौनपुर जिले के बदलापुर तहसील के घनश्यामपुर ग्राम निवासी है।उनके मुताबिक गत दिनों 13 अगस्त 2022 दिन शनिवार को दोपहर लगभग 12:10 बजे उनके पूज्यनीय दादी स्वर्गीय श्रीमती सुशीला मिश्रा पत्नी स्वर्गीय पं0 श्री काशीनाथ मिश्र, निवासी ग्राम घनश्यामपुर का आकस्मिक निधन हो गया।जो कि वाराणसी पुलिस परिवार का एक अहम हिस्सा होने के कारण इस दुःखद सूचना मिलते ही पूरे दिन श्री मिश्र जी के आवास पर सहानुभूति हेतु साथी पुलिसकर्मियों का तांता लगा रहा। उनके मुताबिक पंचतत्व में विलीन आत्मा की शांति हेतु स्वर्गीय श्रीमती मिश्रा जी के पार्थिव शरीर को उनके ज्येष्ठ पुत्र, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, श्री राम शिरोमणि मिश्र (बांके) द्वारा नम आंखों से मुखाग्नि दी गई।इस मौके पर श्री मिश्र ने कहा कि ''आज एक बहुत ही विशालकाय बृक्ष, जो हमें लगातार बुराई व नकारात्मकता से बचाकर अच्छाई व सकारात्मकता की छांव तले समेटे रहा, सदा के लिए पंचतत्व में विलीन हो गया।उनके मुताबिक उनके दादी जी की उम्र लगभग 100 वर्ष हो गयी थी।काफी ज्यादा उम्र होने के बावजूद भी वह शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ थी,जो कि ईश्वर की अनुकंपा ही है।''श्री मिश्र जी के प्रिय, पूज्यनीय दादी जी के स्वर्गवास पर सम्मानित महानुभावों एवं प्रियजनों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण करते हुए माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## आजादी का अमृत महोत्सव पर्व पर अयोध्या पुलिस द्वारा हाफ मैराथन का किया गया आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या में आजादी को अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर अयोध्या पुलिस द्वारा किया गया।जिसमें महिला पुलिस कर्मी व पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा हाफ मैराथन में प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनाया। जिसमें प्रथम पाँच प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन शैलेन्द्र सिंह सिंह ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। मिली जानकारी के मुताबिक जनपद अयोध्या में आजादी को अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर हाफ मैराथन में 75 महिला पुलिस कर्मी द्वारा प्रतिभाग किया गया हाफ मैराथन पुलिस लाइन गेट नं0 2 से शुरु होकर जीआईसी होते हुए महिला अस्पताल, रिकाबगंज होते हुए पुलिस लाइन गेट नं0 01 से अन्दर आते हुए परेड ग्राउण्ड पर समाप्त हुई। हाफ मैराथन में जनपद के थानों, पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों व पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा भाग लिया गया। हॉफ मैराथन में प्रतिभाग कर महिला पुलिस कर्मियों में महिला आरक्षी अर्पणा अग्निहोत्री थाना कोतवाली नगर (प्रथम स्थान),महिला आरक्षी दीक्षा तिवारी, थाना कोतवाली रुदौली (द्वितीय स्थान), महिला आरक्षी कल्पना अग्निहोत्री, थाना कोतवाली नगर (तृतीय स्थान), महिला आरक्षी ज्योति



सिंह थाना कोतवाली नगर (चतुर्थ स्थान),महिला आरक्षी मधुपाल, महिला थाना (पंचम स्थान)प्राप्त किया गया। इसी तरह हाफ मैराथन में प्रतिभाग कर पुलिस परिवार के बच्चों मे सुशान्त सिंह (प्रथम स्थान),विशाल मिश्रा (द्वितीय स्थान),संस्कार यादव (तृतीय स्थान),राहुल यादव (चतुर्थ स्थान), पूर्वज सरोज (पंचम स्थान) प्राप्त किया।हाफ मैराथन के माध्यम से अयोध्या पुलिस द्वारा पुलिस के अनुशासन, एकजुटता, आपसी भाईचारा, देश के प्रति प्रेम और वफादारी का संदेश दिया गया।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक बृजेन्द्र कुमार सिंह व अन्य अधिकारी व कर्मी रहे।

## राम नगरी का अलौकिक दर्शन कराएगी रामायण सोलर क्रूज : रामघाट से गुप्तारघाट का होगा सफर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) काशी के बाद अब राम नगरी अयोध्या के सरयू नदी में रामायण क्रूज उतारने की तैयारी शुरू हो गई है। अयोध्या आने वाले पर्यटकों को रामघाट से गुप्तार घाट तक भूत के सफर का आनंद मिल सकेगा इसके साथ ही क्रूज में रामायण की प्रसंगों पर आधारित चल चित्रों से दर्शाया जाएगा तो वहीं प्रदूषण रहित बनाए जाने के लिए सोलर का इस्तेमाल होगा। जिसके लिए काशी अलकनंदा क्रूज के निदेशक विकास मालवीय अपनी टीम के साथ अयोध्या के सरयू घाट पर क्रूज निर्माण कराए जाने की तैयारी शुरू कर दी है।अयोध्या के सरयू नदी में क्रूज को चलाए जाने के लिए गुप्तार घाट और रामघाट यानी कि बैकुंठ धाम के पास इसका स्टेशन बनाया जाएगा वहीं बैकुंठ धाम के पास ही क्रूज निर्माण कराए जाने की भी तैयारी की जा रही है। इसके लिए विकास मालवीय ने आज अपनी टीम के साथ गुप्तार घाट, नया घाट और बैकुंठ धाम के पास के तटीय स्थल का जायजा लिया है। दरसल अयोध्या में पर्यटकों राम घाट से गुप्तार घाट के बीच क्रूज से 8 किलोमीटर के जलमार्ग सफर के दौरान रामायण के प्रसंगों पर ध्वनि व सचल चित्रों का दृश्य दिखाया जाएगा। इसके साथ ही सरयू घाट पर होने वाले आरती का भी दृश्य पर्यटक क्रूज के माध्यम से दर्शन कर सकेंगे। वहीं इस क्रूज निर्माण में लगभग 7 करोड़ के खर्च होने का अनुमान बताया जा रहा है।अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विशाल सिंह बताया कि विकास मालवीय हैं जो काशी में क्रूज को संचालित कर



रहे हैं। उन्ही से संपर्क किया जा रहा था। लेकिन कोरोना के कारण इस प्रोजेक्ट में थोड़ा विलंब हुआ है। और अब क्रूज को बनाने के लिए ऑर्डर भी दिया जा चुका है। इसमें विशेष बात यह है कि क्रूज का निर्माण भी अयोध्या में ही किया जाएगा इसके लिए जो आवश्यक भूमि की डिमांड की गई थी इसके लिए भी उन्हें आवंटित की जा रही है और क्रूज का निर्माण यही किया जाएगा यह क्रूज सोलर पावर से संचालित होगा इसमें किसी प्रकार का डीजल या अन्य प्रदूषण करने वाली कोई भी यंत्र का प्रयोग नहीं होगा। और इसे रामायण क्रूज के नाम से चलाया जाएगा। नया घाट से गुप्तार घाट के बीच में चलेगा। और श्रद्धालुओं को अयोध्या की अलौकिक दर्शन कराएगा।

## कैंट थाना क्षेत्र में तीन मंजिला इमारत गिरने से एक श्रमिक की मौत : कई श्रमिक घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में उस समय बड़ा हादसा हुआ जब जिले के कैंट थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुमताजनगर में अयोध्या–लखनऊ हाईवे के किनारे मंगलवार को एक निर्माणाधीन मकान का लेंटर शटरिंग समेत ढह गया। जिसकी चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 11 मामूली रूप से चोटिल हो गए।इस हादसे में कुछ मजदूर खुद से तो कुछ रेस्क्यू कर निकाले गए। चोटिल मजदूरों का प्राथमिक उपचार करवा उन्हें घर भेज दिया गया है। सूत्र के मुताबिक जिले के थाना कैंट क्षेत्र के मुमताजनगर क्षेत्र में हाईवे के किनारे चुन्नीलाल प्रजापति अपने मकान का निर्माण करवा रहे हैं।मंगलवार को एक ओर की शटरिंग कर लेंटर डाल दूसरी ओर काम चल रहा था। दोपहर बाद करीब तीन बजे अचानक भरभरा कर लेंटर शटरिंग समेत नीचे गिर पड़ा। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। कोतवाली नगर और कैंट थाने की फोर्स मौके पर पहुंची।स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया गया।मलबे के नीचे दबे एक मजदूर को गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस संबंध में एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने बताया कि हादसे के वक्त 11 मजदूर शटरिंग के आसपास थे। सबको प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।मृतक मजदूर का नाम मोहित निवासी सरियावां बताया गया है।बताया जाता है कि अगर सभी मजदूर शटरिंग के नीचे होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस तरह से ढाला गया लेंटर शटरिंग समेत गिरा है उसे देख लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। पहले तो कई मजदूरों के नीचे दबे होने की बात सामने आई, लेकिन जेसीबी से मलबा हटाया गया तो गंभीर रूप से घायल मजदूर मोहित मिला।वही लोगों के मुताबिक निमार्णाधीन तीन मंजिला मकान परिवहन विभाग से सेवानिवृत्त आरटीओ चुन्नी लाल प्रजापति है हालांकि पुलिस ने इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की है।

## आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही तिरंगा गौरव यात्रा का हुआ समापन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कांग्रेस पार्टी आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही तिरंगा गौरव यात्रा का आज अयोध्या में समापन हुआ।उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने क्षीरेश्वर नाथ मंदिर से पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री की अगुवाई में तिरंगा गौरव यात्रा निकाली।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति के गानों के साथ देशभक्ति के नारे लगाते हुए मुख्य मार्ग से निकले और राम की पैड़ी पर गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर तिरंगा गौरव यात्रा का समापन किया।कार्यक्रम के संयोजक रामनरेश मौर्य तथा प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा रहे।इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ निर्मल खत्री ने कहा यह वर्ष हमारी आजादी का गौरवपूर्ण वर्ष है। इस यात्रा का उद्देश्य समाज में फैल रही नफरत के खिलाफ संदेश देना तथा राष्ट्र की एकता के लिए लोगों में चेतना लाना है।डॉ निर्मल खत्री ने कहा भारत माता को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए देश के अनेक वीर सपूतों ने और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने कुर्बानियां दी। वर्तमान समय में देश की राजनीति में सांप्रदायिकता का जहर घोलकर केंद्र की सरकार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को बदनाम करने का प्रयास करती रहती है। विकास के मुद्दे पर फिसड्डी साबित हो चुकी यह सरकार बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर बोलने से कतराती है। देश में प्रेस और न्यायपालिका भी बेड़ियों में जकड़ी दिखाई पड़ती है। आज भाजपा देश के संविधान को मिटा कर संघ का संविधान इस देश पर लागू करने का प्रयास कर रही। सदियों से आपसी प्रेम और भाईचारे के माहौल को केंद्रीय सरकार बिगाड़ना चाहती है। वही इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा यह देश बाबा साहब अंबेडकर के बनाए गए संविधान से चलेगा ना कि संघ द्वारा प्रायोजित प्रोपेगेंडा से।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहां भारत का प्रधानमंत्री जनता से झूठ बोलते है। एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह तथा अशोक सिंह ने कहा तिरंगा गौरव यात्रा के माध्यम से हम देश पर कुर्बान हुए असंख्य वीर सेनानियों और क्रांतिकारियों का नमन करते हैं।प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी ने कहा तिरंगा गौरव यात्रा भाजपा के खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंकने का कार्य करेगी।जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया तिरंगा गौरव यात्रा फैजाबाद लोकसभा की सभी विधानसभाओं में सफलतापूर्वक निकाली गई इस दौरान तिरंगा गौरव यात्रा ने कुल मिलाकर 75 किलोमीटर की दूरी तय की। इस कार्यक्रम में आए अंकुर खत्री ने कहा आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर भाजपा के नफरत के जवाब में कांग्रेस जन प्रेम से तिरंगा गौरव यात्रा निकाल कर समाज में भाईचारा और बंधुत्व को मजबूत करने का संदेश देना चाहते हैं। तिरंगा गौरव यात्रा में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, अंकुर खत्री, रीता मौर्या, दयावती, शैलेंद्र मणि पांडे, नागा राम लखन दास, श्रीनिवास शास्त्री, फिरोज अंसारी ,केसरी मिश्रा, महंत जय मंगल दास, संदीप यादव रिशु, आशीष यादव, फ्लावर नकवी ,रामेंद्र त्रिपाठी ,भगवान बहादुर शुक्ला ,श्री प्रकाश जयसवाल, अब्दुल हकीम, शैलेंद्र पांडे, आशुतोष पांडे, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय तिवारी, धर्मवीर दुबे ,हरे कृष्ण गुप्ता ,बसंत मिश्रा, राम सागर रावत, रामकरण कोरी अनूप मिश्रा ,किशोरी रमण अग्रवाल ,अनिल सिंह, अनिल तिवारी ,दीप कृष्ण वर्मा मोहम्मद आरिफ, सौरभ सिंह ,रामचरित्र मोरिया राम अवध पासी राम अभिलाष पांडे राम बहादुर सिंह ,सरयू प्रसाद वर्मा ,लक्ष्मी शंकर यादव ,विजय पांडे ,भीम शुक्ला ,विकास शुक्ला, ज्योति श्रीवास्तव, डॉ विनोद गुप्ता आशीष गुप्ता ,प्रशांत पांडे राम बहादुर वर्मा, चंद्रपाल चतुर्वेदी, जमील आदि सम्मिलित रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।